श्रीनाट्यम्

(The Group of Sanskrit Drama)

वीणापाणि संस्कृत समिति, भोपाल

की प्रस्तुति

षोडश-संस्कारम् - नाटकम्

(सोलह संस्कार नाटक)

नाट्यसार

यह नाटक मानव जीवन के सोलह संस्कारों पर आधारित है। सोलह संस्कार इस प्रकार हैं-

1. गर्भाधान	2. पुंसवन	3. सीमन्तोन्नयन
4. जातकर्म	5. नामकरण	6. निष्क्रमण
7. अन्नप्राशन	8. मुण्डन	9. कर्णवेध
10. अक्षरारम्भ	11. उपनयन	12.वेदारम्भ
13. केशान्त	14. समावर्तन	15. विवाह
16.अन्त्येष्टि		

इन सोलह संस्कारों से मनुष्य मात्र का जीवन या चरित्र संस्कारित होता है। गर्भाधान से जन्म, जन्म से मरण फिर पुनर्जन्म का चक्र चलता रहता है।

इस नाटक में सोलह संस्कारों की जानकारी गुरु शिष्य के कथोपकथन के माध्यम से दी गई है। साथ ही इन आचारों की प्रक्रिया को समझाया गया है। जैसे गर्भधान, गर्भ में पञ्च तत्त्वों से शरीर का निर्माण-दृश्य आधुनिक उपकरणों से दर्शक को दिखाया गया है। इस प्रकार क्रमशः 16 संस्कारों को सरल सुगम सुबोध रीति से जन-मानस तक पहुँचाया गया है।

इस संस्कार दृश्य को रोचक एवं आत्मसात् करने के लिए प्रदेश के विभिन्न लोक गीतों का समावेश किया गया है। जैसे – बुन्देली, भोजपुरी, पंजाबी, हरियाणवी, बघेली लोक धूनों से गाया जाता है। साथ ही संस्कृत के मन्त्र उपनिषद् वाक्यों का भी प्रयोग किया गया है।

अस्तु, श्रीनाट्यम् (The Group of Sanskrit Drama) का प्रयास है कि, नाटक के जरिए जनता सरलता से, अनायास से संस्कृत, संस्कार, भारतीयता एवम् आध्यात्मिकता को जाने और समझे।

!!! इति शम् !!!

श्रीनाट्यम्

(The Group of Sanskrit Drama)

वीणापाणि संस्कृत समिति, भोपाल

की प्रस्तुति

षोडशसंस्कारं नाटकम्

नाट्यसारः

नाटकमिदं मानवजीवनस्य षोडष संस्कारान् आधारीकृत्य प्रवर्तते। सन्ति चेमे षोडश संस्काराः–

1. गर्भाधानम्	2. पुंसवनम्	3. सीमन्तोन्नयनम्
4. जातकर्म	5. नामकरणम्	6. निष्क्रमणम्
7. अन्नप्राशनम्	8. मुण्डनम्	9. कर्णवेधः
10. अक्षरारम्भः	11. उपनयनम्	12.वेदारम्भः
13. केशान्तः	14. समावर्तनम्	15. विवाहः
16.अन्त्येष्टिः		

एतैरेव षोडश संस्कारैः मानवमात्रस्यं जीवनं चरित्रं वा संस्कारितं भवति।गर्भाद् जन्म, जन्मतः मरणं पुनरपि जननम् इति चक्रम् चलति शाश्वतम्।

अस्मिन् नाटके षोडश संस्काराणां परिचयः गुरु-शिष्याणां कथोपकथनेन प्रदीयते।एतेषां संस्काराणाम् आचाराणां वा प्रक्रिया अपि संबोधिता। तथा हि – गर्भधानम्, गर्भे पञ्च तत्त्वानां सम्मिश्रणेन शरीरस्य निर्माणं जायते इति दृश्यम् आधुनिकोपकरणैः दर्शकाय संरचितम्। अनेन प्रकारेण क्रमशः षोडश संस्काराः सरल-सुगम-सुबोध-रीत्या जनमानसं संप्रापिताः।

अत्र प्रादेशिक-लोकगीतानां समावेशेन सर्वमपि संस्कारदृश्यं रुचिकरं कृतं विद्यते। तानि च गीतानि भोजपुरी, अवधी, पंजाबी, हरियाणवी इत्यादिषु लोकरागैः प्रस्तुतानि।अपि च मन्त्राणाम् उपनिषद्-वाक्यानां च प्रयोगो विहितः।

अस्तु, श्रीनाट्यस्य संप्रयासो यद्, नाटकमाध्यमेन जनसमूहः सरलतया अनायासेन संस्कृतं संस्कारं भारतीयताम् आध्यात्मिकतां वेति जानीयाद् अवबोधेच्च।

!!! इति दिक् !!!

श्रीनाट्यम् (The Group of Sanskrit)
वीणापाणि संस्कृत समिति, भोपाल
की प्रस्तुति

सोलह संस्कार

निर्देशकीय/लेखकीय

षोडश-संस्कारम् (सोलह संस्कार) नाटक श्रीनाट्यम् (The Group of Sanskrit Drama), वीणापाणि संस्कृत समिति, भोपाल की सफल प्रस्तुति है। 16 जुलाई 2016 से 16 अगस्त 2016 तक एक मास में नाट्याभ्यास कर यह नाटक मंचन हेतु प्रस्तुत किया गया है। हर्ष की बात है कि एक वर्ष की भीतर सम्पूर्ण भारत में इस नाटक की 15 प्रस्तुतियाँ विविध समारोह, नाट्योत्सव, चर्चित रंगमंच पर हुई हैं। इस नाटक की ख्याति विविध समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई है, साथ ही दूरदर्शन चैनल, संस्कृत वार्तावली आदि में इस का प्रसारण किया गया। इस की लोकप्रियता को देखते हुए सम्प्रति सोलह संस्कार नाटक का प्रकाशन किया जा रहा है। क्योंकि,

भारतीय संस्कृति विश्व में श्रेष्ठ है, भारत विश्वगुरु है इस के पीछे हमारे सोलह संस्कार जैसी जीवन विकास प्रक्रिया है, जिस के कारण ही हमारी गरिमा अग्रगण्य है। जन्म से मृत्यु पर्यन्त मनुष्य को संस्कारित करने की प्रक्रिया हमारे ही देश में थी, हमारे ऋषि मुनियों ने ऐसी दिव्य दृष्टि का साक्षात्कार किया था जो आज भी पूर्णतः वैज्ञानिक एवं प्रासंगिक है।

गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि व पुनर्जन्म तक षोडश संस्कारों के चक्र को नाट्य-माध्यम से दिखाया गया है, जिसमें संस्कारों की लोकपरम्पराएँ, भारत के विभिन्न क्षेत्रों में परिव्याप्त लोकरीतियाँ, लोकगीतों के साथ-साथ नाट्यधर्मी तत्त्वों और आधुनिक रंगमंच की तकनीकी का अद्भुत समागम नाटक में परिलक्षित है।

वर्तमान समाज में इन सोलह संस्कारों में से जन्म, नामकरण, अन्यप्राशन, उपनयन (जनेऊ) विवाह मृत्यु आदि कुछ एक संस्कार कहीं कहीं प्रचलित है। प्रायः ये सोहल संस्कार विलुप्त होते जा रहे हैं। इस नाटक के माध्यम से मनुष्य को या समाज को इन संस्कारों की आवश्यकता और वैज्ञानिकता को बताया गया है - जो भारत की आत्मा है। संस्कारित जीवन शैली से ही भारत, भारत है।

अनादि काल से विकसित सोलह संस्कारों की सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और वैज्ञानिक परम्परा को प्रस्तुत नाटक से माध्यम से जन-सामान्य सरल और सहज रूप से समझ कर लाभान्वित होंगे।

वीणापाणि संस्कृत समिति, भोपाल

की प्रस्तुति

सोलह संस्कार

निर्देशकीयम्/लेखकीयम्

षोडश-संस्कारं नाटकं श्रीनाट्यम् (The Group of Sanskrit Drama), भोपालस्थ-वीणापाणि-संस्कृत-समितेः सुप्रसिद्धा नाट्यप्रस्तुतिः। 16 जुलाईतः 16 अगस्त 2016 एकेन मासेन मंचनाय सिद्धं नाटकमिदम्। अयं हर्षस्य विषयो, एकस्मिन्नेव वर्षे भारते नाटकस्य पञ्चदशाधिकं मञ्चनं विविधेषु समारोहेषु, नाट्योत्सवेषु प्रख्यातेषु रङ्गमञ्चेषु संजातम्। नाटकस्यास्य ख्यातिः नानाविधेषु समाचारपत्रेषु प्रकाशिता, दूरदर्शन-प्रणालिषु संस्कृत-वार्तावली-पत्रिकासु प्रसारिता च जाता। अस्य नाट्यस्य लोकप्रियतां दर्शं दर्शं सम्प्रति षोडश-संस्कारं नाटकं प्रकाश्यते। यतो हि -

भारतीया संस्कृतिः इहलोके अन्यतमा। भारतं विश्वगुरुः। तत्र च कारणं षोडष-संस्कारैः युक्ता जीवनविकासस्य प्रक्रिया। यस्माद् अस्माकं भारतीयानां गरिमा अग्रगण्यः। जन्मनः मृत्युं यावत् मनुष्यमात्रस्य संस्कारप्रक्रिया अस्माकमेव भारतदेशे आसीत् अस्ति च। अस्माकं पूर्वजाः मुनयः ऋषयः एतादृश-संस्स्कारसम्पन्नायाः दिव्यदृष्टेः साक्षात्कारं कृतवन्तः। यः अद्यापि पूर्णतः वैज्ञानिकः प्रासंगिकश्च वर्तते।

गर्भाधानाद् आरभ्य अन्त्येष्टिं यावत् पुनः पुनर्जन्म एवं षोडष संस्काराणां चक्रम् अत्र नाट्येन प्रदर्शितम्। संस्कारणां लोकपरम्पराः भारतस्य विभिन्नेषु क्षेत्रेषु विद्यमानाः लोकरीतयः, परिव्याप्तानि लोकगीतानि एतैः लोकधर्मीतत्त्वैः सह नाट्यधर्मी-तत्त्वानाम् आधुनिक-रंगमंच-कौशलानाम् सारस्वतः समागमः नाट्येऽस्मिन् दृश्यते।

सम्प्रति समाजे एतेषु षोडश-संस्कारेषु जन्म-नामकरण-उपनयन-विवाह-मृत्यु-प्रभृतयो द्वित्रा पञ्चषा वा संस्काराः क्वचित् कुत्रचित् प्रचलन्ति। प्रायः इमे षोडश संस्काराः विलुप्तप्रायाः दृश्यन्ते। अनेन नाट्येन मानवमात्रं समाजं प्रति वा एतेषां संस्काराणाम् आवश्यकता वैज्ञानिकता प्रासंगिकता च प्रदर्शिताः, ता एव भारतस्य आत्मास्थानीयाः। संस्कारित-जीवन-शैल्या हि भारतं भारतं राजते।

अनादिकालतः विकसितनां षोडष संस्कारणां सामाजिक-सांस्कृतिक-आध्यात्मिक-वैज्ञानिक-परिपुष्टिं प्रस्तुतेन नाट्येन सामाजिकाः दर्शकाः सुगमतया अवगम्य लाभान्विताः अवश्यम् भवेयुरिति।

आलेख

षोडश संस्कार

उपक्रम

संस्कार शब्द का अर्थ है – किसी वृत्ति, स्थिति, व्यक्ति, संस्था या व्यवस्था आदि की रचना और स्वरूप में पहले की अपेक्षा और अधिक परिष्कार। दूसरे शब्दों में दोषयुक्त वस्तु को दोष-रहित कर देना, कमी पूरी कर देना, उसमें अतिशय का आधान कर देना ही संस्कार कर्म है।

वैदिक-संस्कृति में सोलह संस्कारों का विधान है, इसका अभिप्राय यह है कि भारतीय-जीवन-पद्धति में सोलह बार मानव को बदलने का अर्थात् उसके नव निर्माण का प्रयास किया जाता है। जिस प्रकार स्वर्णकार अशुद्ध स्वर्ण को अग्नि में डालकर उसका संस्कार करता है, उसी प्रकार बालक के उत्पन्न होते ही उसे संस्कारों की भट्टी में डालकर व उसके दोषों को हटाकर उसमें सद्गुणों के आधान (समावेश) के निमित्त जो प्रयत्न किया जाता है, उसे वैदिक विचारधारा में 'संस्कार' शब्द से अभिहित किया गया है। महर्षि चरक की उक्ति है- **संस्कारो हि गुणान्तराधानमुच्यते** । अर्थात् मानव में पहिले से विद्यमान दुर्गुणों की निकालकर उनके स्थान पर सद्गुणों का आधान कर दने के नाम 'संस्कार' है।

इस प्रकार वस्तुत 'संस्कार' मानव जीवन के नव-निर्माण की एक सुन्दर योजना है। संस्कार मानव-जीवन के नव-निर्माण की योजना है। वस्तुतः यह एक आध्यात्मिक योजना है। हम देखते हैं कि कोई भी विकासाकाँक्षी देश योजनाओं की शृंखला का अवलम्बन लेकर आगे बढ़ने का प्रयत्न करता है। सच्चे मानव का निर्माण करने के लिए आध्यात्मिक योजना का अवलम्बन लेना अनिवार्य है, और उसी योजना का विधान वैदिक विचारधारा में 'संस्कार' नाम से किया गया है, तथा वह भारतीय-जीवन पद्धति का एक अपरिहार्य अथवा सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग है। निष्कर्षतः वैदिक-संस्कृति की सबसे बड़ी योजना और उस योजना का केन्द्र बिन्दु संस्कारों द्वारा मानव का नव-निर्माण है।

पृष्ठभूमि

भगवतगीता की "नहि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्" इस उक्ति के अनुसार कोई प्राणी क्षणमात्र के लिए भी बिना कर्म किये नहीं रह सकता। कायिक, वाचिक अथवा मानसिक रूप से उसे प्रकृतिज गुणों के परवश होकर कोई न कोई कर्म करना ही पड़ता है, और प्रत्येक कर्म अपना एक अदृष्ट, अपनी एक रेखा, अपना एक संस्कार मस्तिष्क-पटल को छोड़ता चला जाता है। अखिल विश्व का नियन्त्रण कार्यकारण भाव के नियम से हो रहा है। कोई भी कार्य बिना कारण के नहीं हो सकता "कारणं बिना कार्याभावः" और प्रत्येक कारण का कार्य भी अवश्यमेव होगा, जिसे हम आज 'कारण' कहते हैं, वह पिछले जन्म का 'कार्य' होता है और जिसे हम आज 'कार्य' कहते हैं, वह अगले जन्म का 'कारण' बन सकता है, इस प्रकार कार्य-कारणभाव की व्यवस्था के अधीन कर्मों की शृंखला बनती चली जाता है, इसी कर्म शृंखला का सूक्ष्म रूप 'संस्कार' कहलाता है, इस शृंखला में माता-पिता के 'संस्कार' भी रक्तसम्बन्ध के प्रभाव से मिल जाते हैं, और उपर्युक्त शुभ-अशुभ, सत्-असत् या अच्छे बुरे कर्मजन्य संस्कारों के

अनुसार मानव जीवन की प्रवृत्तियाँ भी (जिन्हें नियति भी कहा जाता है) शुभ-अशुभ सत्-असत् या अच्छी-बुरी बनती रहती हैं।

वैदिक-संस्कृति का कथन है कि आत्मा के इस 'सूक्ष्म-शरीर' या 'कारण शरीर' में अर्थात् संस्कारों के शरीर में जन्मधारण करने के बाद तो संस्कार आते ही हैं, जन्म लेने से पहले भी, जब वह माता के गर्भ में होता है,तब भी नवीन संस्कार डाले जा सकते हैं। 'सूक्ष्म शरीर' या 'कारण शरीर' में 'नये संस्कारों का पड़ जाना' ही संस्कारों की पद्धति का रहस्य है। नये संस्कारों द्वारा ही पुराने संस्कारों को बदला जा सकता है। तब आत्मा के एक-एक कर्म की समीक्षा की आवश्यकता नहीं रह जाती हैं, क्योंकि जन्म-जन्मान्तर के कर्मों का निचोड़ ही तो 'संस्कार' है। 'संस्कार' में एक कर्म नहीं, प्रत्युत अनेकानेक- कर्मों का सम्मिश्रण रहता है उसके भोग से ही समस्त कर्मों का भोग हो जाता है। वृक्ष की शाखाओं तक रस पहुंचाने के लिए एक-एक शाखा (टहनी) में रस डालने की आवश्यकता नहीं रहती, उसके मूल में रस डालने से प्रत्येक शाखा, प्रत्येक पत्ते में रस पहुंच जाता है।

इस प्रकार कर्मों की जटिल समस्या का समाधान वैदिक-संस्कृति ने संस्कारों द्वारा निकालने का सराहनीय प्रयत्न किया है और मानव के नव-निर्माण के विचार को जन्म दिया। अतएवं वैदिक संस्कृति के सोलह संस्कार मानव के नव-निर्माण का समुज्जवल प्रयास है।

संस्कार आत्मा के जन्म धारण करने के पूर्व से ही प्रारम्भ हो जाते हैं। कुछ जन्म ग्रहण करने के पश्चात् किये जाते हैं। जन्म ग्रहण से पूर्व जिन संस्कारों का विधान किया गया है, उनमें सबसे प्रथम संस्कार 'गर्भधान' संस्कार है, वह संस्कार, जिसे आज का जड़वादी जगत् विषय-तृप्ति का साधन मात्र समझता है। इस संस्कार को वैदिक-संस्कृति नवीन आत्मा के आवाहन का पविक्ष यज्ञ मानती है।

संस्कारों की संख्या

विभिन्न आचार्यों ने विभिन्न संख्याओं में भी संस्कारों को परिगणित किया है, अधोलिखित विवरण से विदित होगा कि किस-किस आचार्य ने कौन-कौन से संस्कार माने हैं-

1. **आश्वलायन गृह्यसूत्रम्** – 1. विवाह, 2. गर्भलम्भन, 3. पुंसवन, 4. सीमन्तोत्रयन, 5. जातकर्म, 6. नामकरण, 7. अन्नप्राशन, 8. चौल (चूडाकर्म), 9. उपनयन, 10. वेदारम्भ, 11. गोदान (केशन्त), 12. समावर्तन, 13. अन्त्येष्टि।
2. **कोषीतकि (शांखायन) गृह्यसूत्रम्-** 1. विवाह, 2. गर्भाधान, 3. पुंसवन, 4. गर्भरक्षण, 5. सीमन्तोन्नयन, 6. जातकर्म, 7. अन्नप्राशन, 8. चूडाकर्म, 9. गोदान, (केशान्त), 10. उपनयन, 11. वेदारम्भ, 12. समावर्तन।
3. **पास्करगृह्यसूत्रम् (कात्यायनपरिशिष्टसहितम्)-** 1. विवाह, 2. चतुर्थीकर्म (गर्भाधान), 3. पुंसवन, 4. सीमन्तोन्नयन, 5. जातकर्म, 6. नामकरण, 7. निष्क्रमण, 8. अन्नप्राशन, 9. चूडाकरण, 10. कर्णवेध, 11. उपनयन, 12. वेदारम्भ, 13. केशान्त, 14. समावर्तन।
4. **आपस्तम्ब –गृह्यसूत्रम्-** 1. विवाह, 2. ऋतुगमन, 3. पुंसवन, 4. सीमन्तोन्नयन, 5. जातकर्म, 6. नामकरण, 7. अन्नप्राशन, 8. चौल, 9. गोदान, 10. उपनयन, 11. वेदारम्भ, 12. समावर्तन।
5. **हिरण्यकेशिकगृह्यसूत्रम्-** 1. उपनयन, 2. वेदारम्भ, 3. समावर्तन, 4. विवाह, 5. चतुर्थीकर्म, 6. सीमन्तोन्नयन, 7. पुंसवन, 8. जातकर्म, 9. चूडाकर्म, 10. गोदान।

6. **मानवगृह्यसूत्रम्-** 1. विवाह, 2. गर्भधान, 3. सीमन्तोन्नय, 4. पुंसवन, 5. जातकर्म, 6. नामकरण, 7. निष्क्रमण, 8. अन्नप्राशन, 9. चूडाकर्म, 10. केशान्त, 11. उपनयन, 12. वेदारम्भ, 13. समावर्तन।
7. **गोभिलगृह्यसूत्रम्** – 1. विवाह, 2. गर्भाधान, 3. पुंसवन, 4. सीम्न्तकरण, 5. जातकर्म, 6. निष्क्रमण, 7. नामधेयकरण, 8. चूडाकर्म, 9. उपनयन, 10. वेदारम्भ, 11. गोदान, 12. समावर्तन।
8. **जैमिनीगृह्यसूत्रम्-** 1. विवाह, 2. गर्भाधान, 3. पुंसवन, 4. सीमन्तोनयन, 5. जातकर्म, 6. नामकर्म, 7. प्राशनकर्म, 8. चौलकर्म, 9. उपनयन, 10. गोदान, 11. समावर्तन।
9. **खादिरगृह्यसूत्रम्-** 1. विवाह, 2. गर्भाधान, 3. पुंसवन, 4. सीमन्तोन्नयन, 5. सोष्यन्ती होम (जातकर्म), 6. निष्क्रमण, 7. नामकरण, 8. चौल, 9. उपनयन, 10. वेदारम्भ, 11. गोदान।
10. **कौशिकसूत्रम्-** 1. विवाह, 2. चतुर्थीकर्म, 3. नामकरण, 4. अन्नप्राशन, 5. निर्णयन (निष्क्रमण), 6. गोदान, 7. चूडाकरण, 8. उपनयन, 9. वेदारम्भ, 10. पितृमेध (अन्त्येष्टि)।
11. **गोपथब्राह्मणम्-** 1. गर्भाधान, 2. पुंसवन, 3. सीमन्तोन्नयन, 4. जातकर्म, 5. नामकरण, 6. निष्क्रमण, 7. अन्नप्राशन, 8. गोदान, 9. चूडाकरण, 10. उपनयन, 11. आप्लावन (समावर्तन)।
12. **मनुस्मृति-** 1. गर्भाधान, 2. जातकर्म, 3. नामकरण, 4. निष्क्रमण, 5. अन्नप्राशन, 6. चूडाकर्म, 7. उपनयन, 8. केशआन्त, 9. वेदारम्भ, 10. समावर्तन, 11. विवाह, 12. वानप्रस्थ, 13. संन्यास, 14. अन्त्येष्टि।

विषय प्रवेश

यद्यपि उपर्युत संक्षिप्त विवेचन के अनुसार संस्कारों की संख्या 14 से अधिक नहीं है। तथापि गहन-सात्त्विक-चिन्तन के फलस्वरूप आचार्यों द्वारा हिन्दू-जीवन-पद्धति में षोडश (सोलह) संस्कार प्रवर्तित हुए, जिनकी नाम तालिका निम्नलिखित प्रकार से हैः-

1. गर्भाधानम्,	2. पुंसवनम्,	3. सीमन्तोन्नयनम्,	4. जातकर्म संस्कार,
5. नामकरणम्,	6. निष्क्रमण संस्कारः,	7. अन्नप्राशन संस्कारः,	8. चूडाकर्म संस्कारः,
9. कर्णवेध संस्कार,	10. उपनयन संस्कारः,	11. वेदारम्भ संस्कारः,	12. समावर्तनसंस्कार
13. विवाह संस्कारः,	14. वानप्रस्थाश्रम संस्कार,	15. संन्यासाश्रम संस्कार,	16.अन्त्येष्टि कर्म

उपर्युक्त सोलह संस्कार अत्यन्त प्राचीनकाल से हमारे वैयक्तिक, पारिवारिक, सामाजिक एवम् राष्ट्रीय जीवन की आधारशिला रहे हैं, और यह कथन अतिरञ्जित न होगा कि जब तक इन संस्कारों का विधान हमारे जीवन में चरितार्थ रहा, हमारा देश अपनी सांस्कृतिक गरिमा एवम् नैतिकता से उच्च आदर्शों से ओतप्रोत उत्कृष्टता के कारण जगद्गुरु के महनीय सिंहासन को अलंकृत करता रहा, किन्तु कालक्रम से ज्योंही इन संस्कारों का ढाँचा चरमराने लगा, त्योंही वह पतनोन्मुख होता दिखायी देने लगा है।

संस्कार परिचय

इन संस्कारों का संक्षिप्त स्वरूप परिचय निम्नलिखित प्रकार से हैः-

1. **गर्भाधानः** विवाह के पश्चात् सन्तान प्राप्ति के लिए गर्भाधान संस्कार का विधान है। यह एक प्रकार का वैवाहिक यज्ञ है। यह गर्भाधान से पूर्व ऋतुकाल होने से उसके चौथे दिन विधिपूर्वक किया जाता है। यज्ञ-

समाप्ति पर पति-पत्नि के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है- "धाता गर्भदधातु ते" अर्थात्- विधाता तुम्हारे गर्भ की रक्षा करे अथवा परमेश्वर तुम्हें गर्भधारण के योग्य बनावे।

2. **पुंसवनः-** यह संस्कार पुत्र प्राप्ति की इच्छा का द्योतक है। गर्भाधान (गर्भ स्थिति) के तृतीय या चतुर्थमास में इसके सम्पादन का विधान है। यह संस्कार पुत्र प्राप्ति के विशेष उद्देश्य से किया जाता है।
3. **सीमन्तोन्नयनः-** यह संस्कार माता के गर्भधारण की सूचना देता है। यह केवल प्रथम बार गर्भधारण के समय ही किया जाता है- ऐसा कुछ विद्वानों का मत है "सीमन्तोन्नयन" का शाब्दिक अर्थ है-केशों का श्रृंगार करना। यह प्रायः गर्भावस्था के पाँचवे मास में होता है। इस अवसर पर पत्नी को गूलर की माला धारण कराने का विधान है।
4. **जातकर्मः** बालक के जन्म के पश्चात् उसकी रक्षार्थ यह संस्कार किया जाता है। इसमें यज्ञ के समय पिता बालक के स्वास्थ्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना करता है। शिशु को स्नान कराया जाता है और उसे मधु, घृत तथा माता का दुग्ध पिलाया जाता है।
5. **नामकरणः** इस संस्कार का सम्बन्ध शिशु का नाम रखने से है। पुरोहित बालक की जन्मराशि के अनुसार उसका नाम-निर्धारण करता है। बालक का नाम दो या चार अक्षरों वाला होना चाहिए, इसी प्रकार कन्या का नाम तीन अक्षरों वाला होना चाहिए। वृक्ष, नदी, लता आदि के नामों पर कन्या का नाम नहीं रखना चाहिए, इस संस्कार में हवन आदि भी किया जाता है।
6. **निष्क्रमणः** इस संसार में शिशु को सूतिकागृह अथवा घर से बाहर निकाला जाता है दो-तीन मास में जब बालक वायु आदे के बाह्य प्रभाव को सह लेने योग्य हो जाता है, तब उसे बाहर ले जाते हैं, स्वास्थ्य –दृष्टि से इस संस्कार का बड़ा महत्त्व है। इसमें सूर्य-देवता से बालक की दृष्टि शक्ति को उत्तम बनाये रखने की प्रार्थना की जाती है।
7. **अन्न-प्राशनः** जन्म से छह मास के पश्चात् दाँत निकलते समय बच्चे को अन्न खिलाना प्रारम्भ इस संस्कार में किया जाता है। इसमें दही, मधु, घृत तथा भात बच्चे को चटाया जाता है। इस संस्कार का उद्देश्य बालक के दाँतों तथा पाचन क्रिया की देखभाल करना है। इस संस्कार के पश्चात् उसे थोड़ा-थोड़ा अन्न देना प्रारम्भ किया जाता है।
8. **चूडाकर्मः** इसमें बालक के केशों को काटने तथा शिखा मात्र (केवल चोटी) रखने का विधान है। आजकल इसे मुण्डन-संस्कार कहते हैं। इसका सम्बन्ध बालक के मस्तिष्क विकास से है। चोटी रखने का विधान वैज्ञानिक महत्त्व का है। बाल काटने के पश्चात् बालक के मस्तक पर नवनीतलेपन अर्थात मक्खन लगाने व तदनन्तर स्नान कराने का विधान है। इसमें पहले यज्ञ होता है, तदनन्तर बाल काटे जाते हैं। इसका समय जन्म से प्रथम अथवा तृतीय वर्ष है। कटे हुए बालों को गोबर में रखकर उन्हें किसी नदी या तालाब में छोड़ दिया जाता है।
9. **कर्ण वेधः** इसका सम्पादन जन्म से तीसरे या पाँचवें वर्ष में किया जाता है। इसमें किसी योग्य पुरुष द्वारा बालक के कान व नाक छिदाये जाते हैं। धातु की शलाका या बाली उन छेदों में पहिनाई जाती है।
10. **उपनयनः** यह संस्कार अत्यन्त महत्त्वपूर्ण माना जाता है। इसका सम्बन्ध बालक की शिक्षा –दीक्षा से है। बालक की 8 से 24 वर्ष तक की आयु के मध्य किसी भी समय पिता उसे किसी योग्य शिक्षक के पास ले

जाता है। इस समय बालक को यज्ञोपवीत धारण कराया जाता है। बालक के चारित्रिक उत्थान का दायित्व अब से माता-पिता के स्थान पर शिक्षक या आचार्य पर आ पड़ता है। इस संस्कार से बालक का दूसरा जन्म माना जाता है। इसी कारण उसे "द्विज" संज्ञा दी जाती है। "द्विज" बनने के बाद गुरु बालक से गायत्रीमंत्र का तीन बार उच्चारण कराकर उपदेश करता है। यह गायत्री मंत्र इस प्रकार है- "**ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहिधियो योन प्रचोदयात्**" इस संस्कार के पश्चात् बालक ब्रह्मचर्यव्रत धारण करके वेदाध्ययन का अधिकारी हो जाता है।

11. **वेदारम्भः** वेद पढ़ने का उपक्रम करने से पूर्व जो धार्मिक क्रिया की जाती है, उसे 'वेदारम्भ-संस्कार' कहा जाता है। इस संस्कार द्वारा बालक चारों वेदों के साङ्गोपाङ्ग अध्ययन के निमित्त नियम धारण करता है। प्रातः काल शुभमुहूर्त में आचार्य बालक के वेदमंत्रों का अध्ययन प्रारम्भ कराता है। यह संस्कार या तो "उपनयन" के साथ ही सम्पन्न कराया जाता है, अथवा उसके बाद एक वर्ष के भीतर गुरु-कुल में सम्पन्न कराया जाता है।
12. **समावर्तनः** यह संस्कार बालक की शिक्षा समाप्ति पर सम्पन्न होता है। इसमें बालक को गुरुकुल (विद्यालय) से घर जाने की अनुमति दी जाती है इस समय आचार्य बालक को एक महत्त्वपूर्ण उपदेश देता है, जिसमें सत्य, धर्म, स्वास्थ्य आदि से प्रमाद न करने की बात कही जाती है। इसमें आचार्य उस स्नातक को विवाह करके सन्तानोत्पत्ति करने की आज्ञा भी देता है।
13. **विवाह (गृहस्थाश्रम)** –शिक्षा समाप्त करके गृहस्थाश्रम में प्रवेश लेने के लिए यह संस्कार किया जाता है। इसमें युवा स्नातक का कुलशीलवती, गुणसम्पन्ना कन्या के साथ विवाह किया जाता है भारतीय (हिन्दु) पद्धति से वर जीवनपर्यन्त कन्या का हाथ थामता है, इसी कारण इस संस्कार को "पाणिग्रहण संस्कार" कहा जाता है।

विवाह को हिन्दू संस्कारों में इतना महत्त्व दिया गया है कि बिना पत्नी के पुरुष अकेला कोई धार्मिक कर्म करने का अधिकारी नहीं माना जाता।

इस विवाह संस्कार के बाद मनुष्य गृहस्थाश्रम में प्रवेश लेता है और विधिवत यज्ञ आदि करके अपने जीवन को उत्तम बनाता जाता है। इस समय वह अपनी पत्नी के साथ विविध सांसारिक सुखों को भोगता है और शास्त्रानुकूल धर्म का आचरण करता है।

14. **वानप्रस्थाश्रमः** यह संस्कार पुत्र के पुत्र हो जाने पर किया जाता है। इसका समय पचास वर्ष की आयु के पश्चात् होता है।
15. **संन्यासाश्रमः** यह संस्कार 76 वर्ष की आयु के पश्चात् किया जाता है अथवा जब वैराग्य हो जावे तभी यह संस्कार कर दिया जाता है। इसमें व्यक्ति संसार में कल्याणार्थ संन्यास ग्रहण करता है।
16. **अन्त्येष्टिः** यह मनुष्य की मृत्यु के अन्तर उसके शरीर के साथ सम्बन्ध रखता है। 'भस्मान्तं शरीरम्' इस वेदवाक्य के अनुसार चिता बनाकर निष्प्राण देह को उस पर रखते हैं, और अग्नि प्रज्वलित करके यह संस्कार कर देते हैं।

विषय विमर्श

आज हम देखते हैं कि मानव का वैयाक्तिक जीवन अशान्त, सामाजिक जीवन विग्रहपूर्ण और राष्ट्रीय जीवन पतनोन्मुख सा बना हुआ है चारों ओर से इस दशा में सुधार का स्वर भी मुखरित होता है, किन्तु सुष्ठु निदान के अभाव में व्याधि का उपचार सम्भव नहीं हो सकता। सच पूछा जाय तो इस समग्र अशान्ति, विग्रह एवम् अनाचार का कारण है, मानव की असंस्कृतता अर्थात् संस्कार-हीनता। यदि हमारी सांस्कृतिक-चेतना को पुनः उत्स्फूर्त करने की दिशा में ठोर प्रयत्न किये जाय और मानव-मानव को संस्कार सम्पन्न बनाने का यथेष्ट प्रयास किया जाय तो इस सम्पूर्ण समस्या का स्वतः ही समाधान हो सकता है।

धर्मशास्त्र की दृष्टि से जैमिनी पहले आचार्य हैं जिन्होंने 'संस्कार' शब्द को की बार प्रयुक्त किया। जैमिनी प्रणीत सूत्रों पर भाष्य लिखने वाले शबर स्वामी '**संस्कारों स भवति यस्मिन् जाते पदार्थो भवति योग्यः कस्यचिद्द्रथस्य**' इन शब्दों में संस्कार को वस्तु से योग्यता के निर्माम का साधन मानते हैं। तंत्र वार्तिक के रचयिता कुमारिल भट्ट ने '**द्विप्रकारा योग्यता**' कह कर किसी भी वस्तु या पदार्थ में '**दोषापनयन**' (दोषों का निवारण) तथा 'गुणान्तरोपजनन' (नवीन गुणों से समन्वित करना) को संस्कारों का उद्देश्य माना। स्पष्ट है कि 'दोषापनयन' नकारात्मक है और 'गुणान्तरोपजनन' सकारात्मक। खान से प्राप्त होने वाले रत्नों एवं हीरों पर भी संस्कार करके उनके मूल्य में वृद्धि होती है। उन्हें ज्यों-का-त्यों नहीं रखा जाता, इससे जौहरी भली भाँति परिचित हैं। जो बात रत्नों एवं हीरों के सम्बन्ध में सही है वही मनुष्यों पर लागू करके प्राचीन मनीषियों ने संस्कारों के माध्यम से मनुष्य के तन के साथ-साथ मन को प्रसन्न एवं पवित्र रुप प्रदान करने पर जोर दिया था। मनुष्य को सामाजिक जीवन में उपादेय कराने की उनकी अभिलाषा रही।

संस्कारों की प्रक्रिया को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। एक उसका वैज्ञानिक स्वरूप-जो मंत्रोच्चारण, यज्ञानुष्ठान आदि कर्मकाण्डों के रुप में प्रयुक्त होता है तथा दूसरा जो मंत्रों की व्याख्या तथा विधिविधानों के रहस्योद्घाटन के रुप में प्रस्तुत किया जाता है। संस्कारों में प्रयुक्त होने वाली कर्मकाण्ड प्रक्रिया का प्रत्येक रंग अपने आप में रहस्यपूर्ण है। उसमें बड़ा महत्व एवं मर्म छिपा पड़ा है। सुसंस्कृत संस्कृति की आवश्यकता सर्वत्र अनुभव की जा रही है। इटली के मेंडले नामक विद्वान ने संस्कार शास्त्र पर आधारित शास्त्र की नींव डाली, जिसे 'यूजेनिक्स' कहा गया। इंग्लैड के विद्वान 'सर फ्रानिक्स गाल्टन' ने अपनी सम्पति का बड़ा भाग लंदन विश्वविद्यालय को इस क्षेत्र में शोध के लिए दिया। इस क्षेत्र में शोध कर रहे विद्वानों का कहना है कि सन्तति को सुसंस्कारी एवं शालीन बनाने में प्रत्यक्ष उपदेशों, प्रशिक्षणों का कम, धार्मिक संस्कारों का अधिक योगदान होता है।

प्रसिद्ध लोकोक्ति है- 'धन चला गया, कुछ नहीं गया। स्वास्थ्य चला गया, कुछ चला गया। चरित्र चला गया तो समझो सब कुछ चला गया।' जीवन की बहुमूल्य विशिष्टता, सम्पदा, चरित्र निर्माण का आधार संस्कार है। मनोविज्ञानी फ्रांसिस मेरिल के ग्रन्थ 'द सीक्रेट सेल्फ' के अनुसार जिस प्रकार के संस्कारों का संचय हम करते हैं, उसी के अनुरूप चरित्र बनता-ढलता चला जाता है।

आज सब ओर भौतिकवाद की ध्वनि सुनाई दे रही है। पाश्चात्य दृष्टिकोण को अपनाकर हमने अपने धार्मिक विचारों को खो दिया है। धर्म, रीतिरिवाज, व्रत, त्योहार, संस्कार, साधना, यज्ञ आदि पर हमारी आस्था कम हो रही है। हम इसका उपहास करते हैं। यही कारण है कि हम दुःखी रहते हैं। हमारे धर्म की प्रत्येक प्रक्रिया में अवश्य कुछ रहस्य छिपा रहता है। यह अंधविश्वास पर आधारित नहीं है। यह बुद्धि और तर्क की कसौटी पर खरी उतरती है। हम इसे बाह्य

दृष्टि से देखते हैं, गहराई तक पहुँचने का प्रयत्न नहीं करते, इसलिए नासमझी के कारण ही इसकी उपेक्षा करते हैं। अब समय आ गया है कि हम इसको समझें और पुनः इसे जीवन विकास के लिए काम में लावें।

0-0-0

सहायक ग्रन्थ सूची

आपस्तम्भ गृह्यसूत्रम्, आश्वलायन गृह्यसूत्रम्, पारस्कर गृह्यसूत्रम्, मनुस्मृतिः, याज्ञवल्क्य स्मृतिः

सोलह संस्कार, स्व. प्रद्युम्न कुमार शास्त्री, राजस्थान पत्रिका प्रकाशन, जयपुर, 2001

संस्कारणां पर्यालोचनम्, डॉ. जयकृष्ण मिश्र, श्रीजगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी, 2005

संस्कार सौरभ, सं. हरीश, ज्ञान मन्दिर प्रकाशन, हरमाड़ा, किशन गढ, राजस्थान, 2002

वैदिक साहित्य और संस्कृति, बलदेव उपाध्याय, चौखम्भा, वाराणसी

भारतीय संस्कृति, श्री रामजी उपाध्याय, संस्कृत परिषद्, सागर, म.प्र.

0-0-0-0-0

- श्रीनाट्यम् (The Group of Sanskrit Drama)

वीणापाणि संस्कृत समिति, भौपाल

॥ श्रीः॥

नाटकम्

षोडष-संस्कारम्

(सोलह संस्कार)

हिन्दी रूपान्तर

नाट्यकारः

डा. धर्मेन्द्र कुमार सिंहदेव

निर्देशकः

श्री मनोज मिश्रः

प्रस्तुतिः

श्रीनाट्यम्

(The Group of Sanskrit Drama)

वीणापाणि-संस्कृत-समितिः

भोपालम्, मध्यप्रदेशः

सोलह संस्कार

अथ नान्दी

श्रीनाट्यं रचितं मुदे तव रमे! रङ्गस्थलीयं धरा
चन्द्रार्कावपि तत्प्रकाशनरौ रात्रिः पटाक्षेपिनी।
सोऽहं चास्य निदेशको ननु जगन् - मञ्चेऽपि तन्मञ्चितं
जीवैरित्यतिहर्षपूरितमनाः पायात् प्रभुः पावनः।।

[हे लक्ष्मी ! मैं ने इस जगत रूपी श्रीनाट्यम् की रचना आप की प्रसन्नता के लिए की है, इस श्रीनाट्यम् में यह पृथ्वी ही रंगस्थली है, सूर्य और चन्द्रमा इस रंगस्थली को नित्य प्रकाशित कर रहे हैं, रात्रि नाट्यान्तर के समय पटाक्षेप (पर्दा गिराना) में संलग्न है। मैं स्वयं इस का निर्देशक हूँ, फिर भी संसार के लोगों ने मेरे जगत् मंच पर नाट्य मंच बनाकर कई नाटकों का मंचन कर दिया" इस तरह हर्ष से पूर्ण मन वाले भगवान् विष्णु सब की रक्षा करें।।]

(ओंकार का उच्चारण करते हुये गुरु और झोले में लड्डू ढूंढते हुये दो शिष्यों का प्रवेश)

गुरु – (गुस्से में) ओम्.....

शिष्य – नमः शिवाय

गुरु – अरे दुष्टों ! सहृदय दर्शक आ गये हैं। प्रणाम करो।

शिष्य – (हाथों को उठाकर Hello करते हैं।)

गुरु - No Modernism, Proper Pranam

शिष्य – (साष्टाङ्ग प्रणाम करते हैं)

गुरु – अरे! संस्कृत नाटक है ये, नाट्यशास्त्रीय मुद्रा में अभिवादन करो।

शिष्य – (टेड़े मेड़े होकर प्रणाम करते हैं)

गुरु – (दोनों को मारते हुये) तुम जैसे धूर्तों के कारण ही भारतीय संस्कृति और सभ्यता का पतन होता जा रहा है।

शिष्य 1– क्या पतन हो गया ?

शिष्य 2– क्यों हो गया ?

शिष्य 1– हमनें क्या किया है ?

शिष्य 2– आप ऐसा क्यों कह रहे हैं ?

शिष्य – क्या...क्यों .....क्या ..... क्यों.....कैसे ?

गुरु – चुप हो जाओ, क्या...क्यों .....क्या ..... क्यों....., जिस दिन से तुम दोनों का भार ढो रहा हूँ उस दिन से मेरा जीवन कष्टप्रद हो गया है। पूरा दिन तुम्हारे व्यर्थ प्रश्नों के उत्तर देते देते परेशान हो गया हूँ।

(दोनों शिष्य रोने लगते हैं)

इसीलिए मैंने इसका नाम क्या और इसका क्यों रख दिया है। ओफ्फ..... मैं आप लोगों के सामने अपना दुखड़ा क्यों रो रहा हूँ ? I am sorry, No Personal talk, हम यहाँ नाटक करने के लिये आये हैं। तो हमारे भारतीय संस्कृति में सोलह संस्कार .....

शिष्य– सोलह संस्कार नहीं गुरुजी, सोलह शृंगार ...
इक चतुर नार कर के शृंगार ..।(नाचने लगते)

गुरु– अरे ..मूर्खों! तुमने कभी ये संस्कार शब्द सुना है ?

शिष्य – सुना है ना गुरुजी .. अन्तिम संस्कार।
'राम नाम सत्य है', 'राम नाम सत्य है'।

गुरु – ओहो .....शिव... शिव.. शिव... मंगलाचरण के समय इतना अमंगल.....आप ही बताइये महाशयों। मैं सोलह संस्कार यह नाटक आप लोगों को दिखलाऊँ या इन धूर्तों को संस्कार सिखाऊँ ?

शिष्य 1– आप क्या बोल रहे हैं ?

शिष्य 2– ऐसा क्यों बोल रहे हैं ?

शिष्य 1– आप क्या शुरु करने वाले हैं ?

शिष्य - क्या...क्यों,...क्या..क्यों....

गुरु – (दोनों का मुँह बन्द करते हुये) हाँ तो मैं यह बता रहा था कि, सोलह संस्कारों के अन्तर्गत प्रथम संस्कार है .. ''गर्भाधान संस्कार''

शिष्य – क्या क्या गरबा ...? (दोनों नाचने लगते हैं)

गुरु – अरे शिव.. शिव.. शिव मूर्खों! गरबा नहीं, गर्भ गर्भ (पेट बताते हुये)

शिष्य – अच्छा गर्भा।(गर्भवती का अभिनय करता है)

शिष्य 1– गर्भ क्या होता है गुरुजी ?

शिष्य 2– क्यों होता है गुरुजी ?

शिष्य 1– कैसे होता है गुरुजी ?

गुरु- (दोनों को बगल में दबाकर,मुँह बन्द करते हुये)

ओम्! गर्भाधान संस्कार। यह संस्कार सन्तानोत्पत्ति की कामना से होता है, शुभ मुहूर्त में देवों का पूजन करके दम्पत्ति रात्रि में सम्भोग करते हैं।

(स्त्री पुरुषों का समागम सुनकर दोनों शिष्य गुरु के पास बैठ जाते हैं)

शिष्य – गुरुजी हमारा भी गर्भाधान संस्कार कीजिये ना...

गुरु – अरे तुम दोनों का तो मैं अन्तिम संस्कार करूँगा। तो लीजिये प्रस्तुत है ''गर्भाधान संस्कार''।

(निकल जाते हैं)

1. गर्भाधान संस्कार

(दृश्य) (नेपथ्य- जल्दी करो.. जल्दी करो, नई बहू आ रही है, दौरा लाओ, पूजन की थाली लाओ। गाना बजाना शुरू करो।)

(गीत)

नाका चलना ओ बुचिआ नाका चलना कि
जैसे बँसवा नवेला ओईसे नाका चलना।
कैसे नोई ना सासुजी कैसे नोई ना
हमर पिताजी के पोसल देहिया नभ लोना जाय - - चाचाजी - -भैया जी - -
॥

(संकल्पादि, पञ्चतत्वों का समावेश दृश्य)

2. पुंसवन-संस्कार

(दृश्य)

(गुरु पुंसवन संस्कार का ..... श्लोक बोलते हुये तथा शिष्य का छींकते हुये प्रवेश)

गुरु– मूर्ख ! इस प्रकार का दुराचरण, क्या हो गया है तुम्हें?

शिष्य – गुरुजी वो पिछले संस्कार में वो..... जड़ी-बूटी.....

गुरु– अरे वत्स! वह तो पुंसवन संस्कार की औषधि आदि थी।

शिष्य– पुंसवन संस्कार यह क्या होता है गुरुजी ?

गुरुजी– अरे वत्स ! पुंसवन संस्कार गर्भाधान से तीसरे मास में होता है। जिसमें आयुर्वेद के ग्रन्थ सुश्रुत-संहिता के शारीरिकस्थान के अनुसार वटवृक्ष की जड़ के रस को नासिका में डालते हैं जिसे दाहिने नासिका में डालो तो पुत्र और बायें में डालो तो पुत्री होती है।

शिष्य– गुरुजी ..... मुझे बचाइये गुरुजी उसने दायें और मैनें बायें मे डाल लिया क्या बायें .....स्त्री, स्त्री .....बायें ..... ?

गुरु– धीरे बोलो।

शिष्य - गुरुजी क्या मैं स्त्री बन जाऊंगा ?

गुरुजी– अरे नहीं मूर्ख वो गर्भ में होता है।

शिष्य– क्या गर्भ वो मटका ..... ?

गुरुजी– हाँ वो मटका नहीं गर्भ था क्यूंकि ये नाटक है ना।

शिष्य– हा हा हा ..... मटके में गर्भ हा.....हा.....हा.....

गुरुजी– अरे चुप ...

शिष्य– तो वो क्या था वो शंख,पानी,धुआँ धुआँ धुआँ .....

गुरुजी– वो पञ्चततत्व है, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश. जिनसे इस शरीर का निर्माण होता है।

शिष्य– तो क्या मुझमें भी पञ्चततत्व है।

गुरुजी- शरीर का निर्माण तो पञ्चततत्वों से ही होता है, ईश्वर ही जाने, तुम मेंं कौन सा ततत्व है ? क्षमा करें। अगला संस्कार है सीमान्तोन्नयन संस्कार।

3. सीमन्तोन्नयन-संस्कार

शिष्य- छी.....मन्तोन्नयन...अब ये क्या है गुरुजी

गुरुजी- मूर्ख, सीमन्त मतलब होता है केश और उन्नयन का तात्पर्य होता है ऊपर उठाना।

शिष्य– क्या सीमन्त और क्यों उठाना गुरुजी ?

गुरुजी– अरे धूर्त्त, गर्भ से सातवें मास में गर्भस्थ शिशु के मस्तिष्क का विकास होता है।

शिष्य– तो क्या मेरे मस्तिष्क का भी विकास हुआ होगा

गुरुजी– शिव.. शिव.. शिव.. जब तुझमें मस्तिष्क ही नहीं तो विकास कहाँ ?

(पूजन की थाली लिये हुये स्त्रियों का प्रवेश)

[सीमान्तोन्नयन कर्मणि – श्री गणेशाम्बिकाभ्यां नमः (फूल में सब लगाकर दे देता है) मांग (सीमन्त) विन्यास कीजिये, वेणी बन्धनं, (ओम्, वीरसूः त्वं भव, जीवसूः त्वं भव, जीवपत्नी त्वं भव) थाली में जल डालिये – अर्घ्य।]

नटी– पण्डितजी पूजन सम्पन्न हुआ, अब हम गोदभराई की रस्म करेंगे, जिसमें कोई पुरुष नहीं होना चाहिये।

(सारे पुरुष बाहर निकल जाते हैं)

(गीत)

बधाइयाँ बीबी तेनूं, बधाईया णी...
बधाइयाँ तेरे आर नूँ, परिवार नूँ
तेरे सोणे जे संसार नूँ
बधाइयाँ णी। . . . . .

4. जातकर्म संस्कार

(गीत)

जागे म्हारे भाग भयो रे म्हारे ललना,
इस ललने के दादा ने बुलाई दो
पढ़ा दो सारे बेद खँद्यादो गरुकुल में,

जागे म्हारे भाग भयो रे म्हारे ललना।।

(एक शिष्य स्त्री बन कर नृत्य करता है, पिता नवजात शिशु के कान में मन्त्र बोलते हैं)

पिता– (ऊँ भूस्त्वयि दधामि, ऊँ भुवस्त्वयि दधामि, स्वस्त्वयि दधामि, ओम् भूर्भुवः स्वः सर्वं त्वयि दधामि)

गुरु- बालक के मुख में ओंकार लिखने के लिये मधू लाइये। वत्स, मधु ले आओ।

शिष्य – मधू...अरी ओ मधू..।

गुरु– मधु नहीं शहद.. शहद मधु। (शिष्य को देखकर गुस्से से) क्यों रे ब्रह्मचारी..स्त्रियों के बीच घुसकर नाचता है। शिव..शिव..शिव.। मधु निकालो।

शिष्य – क्यों किया गुरजी ये ?

गुरु – स्वर्णशलाका द्वारा बालक की जिह्वा पर ओंकार लिखने से जातक का आध्यात्मिक विकास होता है। इस संस्कार का दूसरा नाम *मेधाजनन* संस्कार भी है। (बालक के मुख में ॐकार लिखते हैं)

गीत – जागे म्हारे भाग....

क्या– गुरु जी ..गुरुजी..।

क्यों– गुरुजी... गुरुजी, भूत... भूत

(स्त्रियाँ उपहास करती हैं)।

गुरु – भूत, कहाँ है भूत ?

क्यों - ये रहा गुरुजी।

(दोनों डरकर आँखे बन्द करते हैं, क्या आकर पैर पकड़ता है)

गुरु – (देख कर) अरे! क्या.... क्या हो गया वत्स ?

क्या – गुरुजी मैं मटका लेने गया था इन्होनें मुझे पकड़कर भ्रूण बना दिया।

(क्यों- हँसता है, उपहास उड़ाता है)

गुरु- ओ हो हो, बड़ा अन्याय हुआ, जा बच्चा स्नान आदि से निवृत्त हो कर आ।

क्या – आया गुरुजी।(जाता है)

5. नामकरण संस्कार

गुरु- (परिक्रमा लगा कर) अरे अरे! आज दस दिन हो गये नामकरण होना है और कोई साफ सफाई नहीं हुई, साफ–सफाई कीजिये।

क्यों – दस दिन.?

गुरु – अरे बच्चा! नाटक है यह। जाओ, नामकरण का प्रबन्ध देखो।

क्यों – गुरुजी ये नामकरण क्या होता है?

गुरु – नामकरण जन्म से ग्यारहवे दिन किया जाता है।

शिष्य – क्यों किया जाता है गुरुजी ?

गुरुजी – (विस्मय से सोचकर) क्योंकि, नाम से ही व्यक्ति की पहचान होती है।

शिष्य– गुरुजी यह पहचान ही अशान्ति का कारण है गुरुजी, नाम नहीं होता तो पहचान नहीं होती, पहचान नहीं होती तो जाति नहीं होती, जाति नहीं होती तो विवाद नहीं होता, सभी समान होते।

(गुरु के कन्धे पर हाथ रखते हुये)

आप और मैं सब बराबर होते।

गुरु– गुरु से बराबरी करेगा मूर्ख! सुनो –

नामाखिलस्य व्यवहारहेतुः शुभावहं कर्मसु भाग्यहेतुः।
नाम्नैव कीर्तिं लभते मनुष्यस्ततः प्रशस्तं खलु नामकर्म।।

और भी, समूह में पहचान के लिये नामकरण आवश्यक होता है। अच्छा ....ऐ मूर्ख ...क्यों ?

शिष्य – जी गुरुजी।

गुरुजी – देखा (हंसकर), पूजन प्रारंभ कर।

गुरु- श्रीगुरुचरणकमलेभ्यो नमः।गणेशाम्बिकाभ्यां नमः।

शिष्य – (गुरुजी की नकल उतारते हुये) नमः।

गुरु - गुरुचरणकमलेभ्यो नमः, नामकरण संस्कार समये नान्दीश्राद्ध स्वस्तिपुण्याहवाचनं करिष्ये। शिष्य – करिष्ये..।

गुरु– बालक की कुण्डली बनाइये।

शिष्य– बनाईये।

गुरु– अरे मूर्ख ! जा तू कुण्डली निर्माण कर। लग्न भाव में गुरु स्थापित करें, दशम भाव में शनि को बैठाइये। (शिष्य उल्टा करता है) अरे मूर्ख वो मारकेश है हटा वहाँ से। (अश्विनी भरणी कृत्तिका रोहिणी मृगशिरा)। द्वितीय भाव में कुम्भ राशि के चन्द्र को स्थापित करें। बालक की बुआजी को बुलाइये।

(बुआ से गणना का अभिनय करते हुये)

जातक के नाम का आद्यक्षर है..... "स"।

(लोग नाम बोलते हैं- सैन्डी, सपोला, सम्पत, सर्फ एक्सल)

गुरु– अरे चुप ....., ये भी कोई नाम है, जातक का नाम देवता, मास, नक्षत्र एवं लोकव्यवहार के आधार से रखा जाता है।

बुआ– जानती हूँ पण्डितजी ये मेरा अधिकार है।

(नेग निछावर आदि लेकर थाली का नाम दिखाती है, सूपा में रखकर बच्चे को सूर्य दर्शन कराती है। झूला में शिशु को झुलाते हैं)

(गीत)

रामचन्द्र लिहले जनमवा हो रामा..

अवध नगर में ...

सखियन अइली मंगल गवन को

मांगे लगली .... हाय

मांगे लगली राम के ओढ़निया हो रामा

अवध नगर में...।

रामचन्द्र लिहले जनमवा हो रामा..

बुआ - (नेग निछावर आदि लेकर थाली का नाम दिखाती है, सूपा में रखकर बच्चे को सूर्य दर्शन कराती है। झूला में शिशु को झुलाते हैं) ब्राह्मणो, आप लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था है। भोजन ग्रहण करें।

(सभी बालक को उठाकर निष्क्रमण के लिये प्रस्थान करते हैं)

गुरु- (एक बार घूमकर) ऊँ भोजन हो गया।

क्यों – ये क्या हुआ गुरुजी?

गुरु– ये नाटक है, अभिनेता के घूमने मात्र से सब परिवर्तित हो जाता स्वर्ग नरक और नरक स्वर्ग बन जाता है।

